अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःअनु.जाति/जनजाति/प्रकोष्ठ/2013/ 382 दिनांक 27/5/13

प्रति,

प्रति,
विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
समस्त अध्ययनशालाऐं/संस्थान/अध्ययन केन्द्र,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय – सत्र 2012–13 में प्रवेशित नवीन एवं नवीनीकरण अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति एवं फीस रसीदें भिजवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय में संचालित अध्ययशालाओं में सत्र 2012–13 में प्रवेशित नवीन एवं नवीनीकरण अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को शिक्षण शुल्क एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान शासन से प्राप्त राशि से किया जाना हैं।

अतः समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक /निदेशकों से आग्रह है कि आपके विभाग में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं की सत्र 2012–13 में जमा की गई दोंनों सेमेस्टर की शिक्षण शुल्क तथा परीक्षा शुल्क की रसीदें, संबंधित पाठयक्रम की अंक सूची की छाया प्रति, विभागीय उपस्थिति के साथ संलग्न कर, दिनांक 15.06.2013 तक अनिवार्य रूप से एस.सी. /एस.टी.प्रकोष्ठ में जमा कराने हेतु छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें।

संबंधित छात्र/छात्राओं को भी सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित अवधि तक अनिवार्यतः चाहे गये प्रपत्र एस.सी./एस.टी.सेल में जमा करावें। उपस्थिति पर छात्र/छात्रा वर्तमान में चालू अपना फोन नं. भी अंकित करें जिससे कि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर अवगत कराया जा सके। निर्धारित अवधि के पश्चात किसी की भी रसीदें प्राप्त नहीं की जावेगी, जिसके लिये छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. संपादक महोदय,..ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में, समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. श्री संजय वरथरिया की ओर विश्वविद्यालय (SC/ST) वेवसाइड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव
अनु.जाति/जनजाति प्रकोष्ठ